कला शिक्षा – 2

प्रत्येक प्रश्न संख्या के अन्तर्गत दिए गए विकल्पों में से आपने जिस प्रश्न को उत्तर देने के लिए चुना है, उसके आगे बने बॉक्स पर निशान (✓) अवश्य लगाएँ अन्यथा आपका उत्तर अमान्य हो सकता है ।

लघु-उत्तर वाले प्रश्न (लगभग 100 शब्दों में उत्तर दें) ।

प्रत्येक प्रश्न के लिए अधिकतम अंक 5 है ।

1. विद्यालय के समय सारणी में कला शिक्षा का किस प्रकार समावेश होना चाहिए ? सोदाहरण समझाएँ । ☐

अथवा

कला अनुभव क्या है ? बच्चों के लिए यह क्यों जरूरी है ? उदाहरण देते हुए समझाएँ । ☐

2. प्राथमिक कक्षा के हिन्दी की पाठ्यपुस्तकों से किसी एक पाठ का उल्लेख करते हुए समझाएँ कि उसके सीखने-सिखने में प्रदर्शन कला के किन तरीकों का प्रयोग किया जा सकता है ? ☐

अथवा

प्राथमिक कक्षा के पर्यावरण अध्ययन की पाठ्यपुस्तकों से किसी एक पाठ का उल्लेख करते हुए समझाएँ कि उसके सीखने-सिखाने में प्रदर्शन कला के किन तरीकों का प्रयोग किया जा सकता है ? ☐

3. प्रदर्शन कला के कम से कम दो तत्वों का उल्लेख करते हुए उनके महत्व को समझाएँ । ☐

अथवा

विद्यालय में बच्चों के संदर्भ में रंगमंच के क्या उपयोगिता है ? क्या आपके अपने विद्यालय में रंचमंच है ? यदि आपको विद्यालय में रंचमंच का जिम्मा दिया जाए तो उसके प्रमुख उद्देश्य क्या होंगे ? ☐

4. कला शिक्षा में मूल्यांकन के विभिन्न उपागम एवं तकनीक क्या हैं ? किन्हीं चार की चर्चा करें । ☐

अथवा

कला शिक्षा में संकेतक आधारित मूल्यांकन क्या है ? उदाहरण देकर स्पष्ट करें । ☐